## खबर संक्षेप

### मकान से जेवरात चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान के आलमारी से जेवरात चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी विजय कुमार ने शिकायत किया कि घर की आलमारी से सोने के जेवरात पार हो गया था। पुलिस में शिकायत के बाद खोजबीन किया गया। पीड़ित के मकान में पुरैना निवासी बबीता बिनिया नामक महिला दो साल से काम करती थी। उस पर संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ किया। पूछताछ में बबीता ने स्वीकार किया कि लालच में आकर मकान के आलमारी से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपिया ने बताय कि विगत 5 माह से थोड़े-थोड़े करके अलमारी से जेवरात पार किया था। जिसे पावर हाउस के ज्वेलर्स में माला कारीगर रमेश सोनी और भिलाई तीन बाजार चौक के सनी सोनी से गलवा कर नए जेवर बनवाकर अपने घर पर रखना स्वीकार किया।

## निधन

### मुकेश सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं नगर पंचायत थान खमरिया के प्रथम मनोनीत अध्यक्ष मुकेश सिंघानिया का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया।



सिंघानिया के निधन से नगर, व्यापारी वर्ग एवं समाज में गहरा शोक व्याप्त हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया। उनके निधन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना सहित कई जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया। मुकेश सिंघानिया अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र प्रखर एवं निखर सिंघानिया, अनुज संतोष सिंघानिया तथा भतीजे शिखर सिंघानिया सहित शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

## आयोजन : एक दिवसीय मानस महोत्सव हुआ संपन्न

# देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा पर बेवरा में हुई राम नाम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम बेवरा संबलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार के तत्वावधान में एक दिवसीय मानस महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में राम नाम की गूंज रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक संतजन, मानस प्रेमी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मया के सन्देश मानस मंडली द्वारा श्रीरामचरितमानस पाठ से वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। तत्पश्चात क्षेत्र की विभिन्न मंडलियों जय शिव कृपा महिला मानस मंडली मुरता ममता साहू, सीताराम मानस परिवार बहरबोड़ सीताराम यदु, युक्ति बहन मानस मंडली गोढ़ी कला, मानस मंथन प्रवचन घोरहा ईश्वर राजपूत तथा मानस मंडली बोटेबोड़ रतन सिंह राजपूत ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। शाम को दीपदान के साथ ग्राम का हर कोना भक्ति के



दीपों से जगमगा उठा। कार्यक्रम में वरिष्ठ रामायणी सम्मान से कुटेलूराम, गौतरिहा और जीवन राजपूत को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामकुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल कथा नहीं, यह जीवन का मार्गदर्शन है। इसके चार घाट ज्ञान, प्रेम, सेवा और मोक्ष मनुष्य के जीवन की चार अवस्थाओं का प्रतीक हैं। जब हम इन घाटों में डुबकी लगाते हैं, तो हमारा मन और आत्मा दोनों शुद्ध हो जाते हैं। विशिष्ट अतिथि हनुमान प्रसाद तिवारी ने कार्तिक पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन स्नान, दान और दीपदान का प्रतीक है। काशी में गंगा घाटों की तरह आज बेवरा में भी श्रद्धा के दीप जले हैं, यह दृश्य अध्यात्म का प्रकाश फैलाने वाला है। समापन अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष भागवत निर्मलकर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरुनानक जयंती के अवसर पर आपकी उपस्थिति ने इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। आप सभी के प्रेम, सहयोग और भक्ति से यह आयोजन सफल रहा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नारायण निषाद प्रदेश महामंत्री, रामकुमार साहू संरक्षक, भागवत प्रसाद निर्मलकर अध्यक्ष, हनुमान प्रसाद तिवारी सलाहकार, डुम्मन सिंह साहू सचिव, ओमप्रकाश साहू कोषाध्यक्ष, ममता साहू महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, हेमलता साहू, बीना साहू, लता वर्मा, उमाशंकर वर्मा, सीताराम यदु, दिनेश चौहान, सोहन सिंह राजपूत, रतन सिंह, नाथूराम साहू, सेवक राम साहू, मुन्ना साहू, शिवनंदन राजपूत, राधेश्याम, लवकुश, लिलेश्वर, रामचंद, संतोष साहू, जवाहर दास, ईश्वर राजपूत, बालाराम, सनत, लखेश्वर राजपूत, सूरज दास मानिकपुरी एवं समस्त ग्रामवासी बेवरा उपस्थित रहे।

# नवागढ़ के कार्यकर्ताओं की बिहार में चुनावी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

■ हरसिद्धि विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी कृष्णा नंदन पासवान के समर्थन में जुटे

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कृष्णा नंदन पासवान के समर्थन में चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के नवागढ़ क्षेत्र से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरसिद्धि विधानसभा में जनसंपर्क और प्रचार अभियान में हिस्सा लेकर चुनावी जोश को नई ऊंचाई दी।

प्रचार अभियान के छठवें दिन भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गाँव-गाँव जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। दीवान ने कहा कि कृष्णा नंदन पासवान जनसेवा और विकास की सच्ची तस्वीर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हरसिद्धि की जनता को पासवान को भारी मतों से विजयी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए जो योजनाएँ लागू की हैं, उनके लाभ से बिहार भी समृद्धि की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। दीवान ने लोगों से अपील की कि वे जाति और मतभेदों से ऊपर उठकर विकास और सुशासन के प्रतीक पासवान के समर्थन में मतदान करें। प्रचार सभा में नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी नेता नरेंद्र शर्मा, चंद्रपाल साहू, प्रदीप शुक्ला, गुरमुख भार्गव, लक्ष्मी नारायण वर्मा, तनु दीवान, सुरेश निषाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा स्थल पर अबकी बार, भाजपा सरकार और कृष्णा नंदन पासवान ज़िंदाबाद" के नारे गूंजते रहे। जनसभा के अंत में क्षेत्रवासियों ने भाजपा प्रत्याशी की विजय का संकल्प लिया और कार्यकर्ताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# केबिनेट मंत्री कश्यप के जन्मदिन पर भाजपा किसान नेता ने दी बधाई



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के वन, सहकारिता एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर उनके नया राजधानी स्थित निवास स्थान पर बड़ी संख्या में शुभचिंतक, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की मंगलकामना की। योगेश तिवारी जी ने कहा कि केदार कश्यप सदैव संगठन और समाज के बीच समन्वय का सेतु बने रहे हैं। उन्होंने हमेशा किसानों, युवाओं और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। हम सभी उनके नेतृत्व से प्रेरणा लेते हैं। इस अवसर पर आशु चंद्रवंशी और अश्वनी शर्मा भी उपस्थित रहे।

# बेरला के शिक्षक जागेश्वर प्रसाद यादव ने बच्चों की प्रतिभाओं को दी नई उड़ान

# राष्ट्रीय बाल किशोर वैज्ञानिक प्रतियोगिता और पश्चिम भारत विज्ञान मेला में छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा के शिक्षक जागेश्वर प्रसाद यादव बच्चों की प्रतिभाओं को निखार रहे हैं। शिक्षक जागेश्वर प्रसाद यादव हर वर्ष चाहे इंस्पायर अवार्ड हो राष्ट्रीय बाल किशोर वैज्ञानिक प्रतियोगिता, हो पश्चिम भारत विज्ञान मेला, हो कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता हो या अन्य और कोई माध्यम सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों को आगे लाकर उनके हुनर को मंच तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं और लगातार हर वर्ष संस्था के कोई ना कोई विद्यार्थी का चयन राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए हो रहा है।

शिक्षक जागेश्वर यादव के द्वारा हर वर्ष कक्षा 9वी से 12वीं के विद्यार्थियों का ग्रुप बनाकर उनमें नवाचार को विकसित करने का प्रयास करते रहते है और इसी प्रयोगात्मक शिक्षण में विज्ञान संबंधित मॉडल बनाने का कार्य और विभिन्न क्षेत्रों के क्रियाकलाप में बच्चों को एक्टिव रखते हैं और विद्यालय में



कोई ना कोई क्रियाकलाप करते रहते हैं साथ ही इको क्लब की गतिविधियों को भी विद्यालय में आगे बढ़ा रहे हैं और विद्यालय परिसर और गांव के आसपास तालाब किनारे भी पेड़ पौधे लगाए उनकी सुरक्षा के जिम्मेदारी भी ली है और इको क्लब संबंधी कई कार्यक्रम को भी आयोजित करते रहते हैं और विद्यार्थियों और नागरिकों को जागरुक कर रहे हैं । इसी क्रम में इस वर्ष 2025- 26 में भी राष्ट्रीय बाल किशोर वैज्ञानिक प्रतियोगिता में अपने मॉडल के लिए विद्यालय के छात्र विवेकानंद जो की कक्षा 12वीं में है का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पिछले वर्ष 2024- 25 में विवेकानंद इसी प्रतियोगिता में अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने मॉडल के लिए पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

**कवर्धा में आयोजित हुई प्रतियोगिता :** इसी प्रतियोगिता के एक और प्रारूप पश्चिम भारत विज्ञान मेला में संस्था के विद्यार्थी अविनाश साहू और शिल्पा बारले कक्षा 11वीं का चयन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है इससे पहले जोन स्तरीय प्रतियोगिता स्वामी करपात्री शास उच्च माध्य विद्यालय स्कूल कवर्धा में आयोजित हुई। जहां पर इन विद्यार्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया है और ये विद्यार्थी अब सरगुजा संभाग के अंतर्गत होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विद्यालय और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। शिक्षक जागेश्वर प्रसाद यादव के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 के लिए इंस्पायर अवार्ड के लिए 2 विद्यार्थियों समीर साहू और रूपेश साहू का चयन हुआ है।

**इन्होंने दी शुभकामनाएं:** इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों और शिक्षक को विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, गायकवाड, प्रधान पाठक रामकुमार डड़सेना, वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र कुमार गौतम, दीपक कुमार साहू, अजीत कुमार वर्मा, रमाशंकर बंछोर, एमन कुमार सोनवानी, सोमप्रभ श्रीवास, खेमेन्द्र कुमार चंद्राकर, हितेंद्र कुमार पाटिल, अमित कुमार साहू, रोमन लाल साहू, कमलेश्वर साहू, अरुण वर्मा, चंद्रप्रभा पाटिल, देहुती रानी वर्मा, कविता देवांगन, योगिता देवांगन, सावित्री सियारे, स्मिता सोनवानी, श्वेता साहू, कु डोनी साहू, कु प्रियंका साहू इसके अलावा बच्चों के पालक, संकुल समन्वयक बलदेव कंवर जी और सरपंच गौरी नेताम उपसरपंच सुरीत राम साहू पंचो एवं सभी ग्रामीण जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

# सहकारी समितियों की हड़ताल से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तैयारी बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ सहकारी समितियों के सारे कर्मचारी हड़ताल पर एग्रीस्टेक विवादों में, कैसे होगी धान खरीदी

15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभहो रही है, जिसके लिए अब केवल आठ दिन ही शेष रह गए हैं। जिले की 102 सहकारी समितियों में पदस्थ सारे कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रबंधक, लेखापाल, विक्रेता और चौकीदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की हालत भी लगभग जिले में विवादों में है। ऐसे में सही समय में व्यवस्थित तरीके से धान की खरीदी प्रारंभ हो पाना एक बड़ी चुनौती है। प्रशासन स्तर पर खरीदी की सारी तैयारियां होने की बात कही जा रही है, लेकिन मौके पर कहानी कुछ और है। वही खरीदी के पहले बेहतर तैयारी एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है जिसमें



धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले उपार्जन केंद्रों में सबसे पहले वृहद स्तर पर फड़ की साफ-सफाई आवश्यक है। इसके अलावा ज्यादातर केंद्रों में पशुओं एवं अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रोकने बेरिकेडिंग जरूरी है। उपार्जन केंद्रों में देर शाम तक काम सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए लाईटिंग। माइश्चर मशीन एवं तौल कांटा मशीन की समय पर उपलब्धता एवं उसकी जांच आवश्यक है। इसी तरह साफ्टवेयर में धान खरीदी का ट्रायल रन करना। इसके अंतर्गत दो किसानों के नाम पर सांकेतिक रूप से टोकन काटना, उनसे धान की खरीदी करना एवं उनसे खरीदे गए धान का भुगतान करने की प्रेक्टिस जरूरी है, ताकि वास्तविक खरीदी से पहले ही किसी भी तरह की त्रुटि को सुधारा जा सके। सारी समितियों को 16 कॉलम में जानकारी भरकर देना है, उक्त 16 कॉलम खरीदी केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं से ही संबंधित है। 16 कॉलम की जानकारी विभिन्न विभागों से धान खरीदी के लिए नियुक्त किए नोडल अधिकारियों द्वारा भी जाची जानी है। इसके विपरीत प्रदेश में सभी सहकारी समितयों के पूरे के पूरे कर्मचारियों का एक साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने बाद भी खरीदी के पहले बेहतर तैयारी एक बड़ा प्रश्न है।

**बाहरी जिलों से धान की आवक रोकने चुनौती:** धान खरीदी के दौरान बाहरी जिले से गलत तरीके से लाए जा रहे धान की आवक रोकना भी एक बड़ा चैलेंज साबित होगा। इस दौरान बिचौलिए सक्रिय हो जाते हैं। गांव के किराने की दुकानों में रखे धान एवं ऐसे किसान जो अधिया में दूसरों की जमीन पर खेती करते हैं. उनसे कम कीमतों में धान खरीदकर अधिक कीमत में समर्थन मूल्य पर परिचित किसानों के नाम पर बेचने अन्य जिलों से प्रवेश करते हैं। इन्हें रोकने हर साल प्रयास तो किया जाता है, लेकिन शत प्रतिशत सफलता नहीं मिल पाती। हालांकि प्रशासन स्तर पर इसके लिए तैयारी पूरी कर लिए जाने की बात कही जा रही है। इसके अंतर्गत चेकपोस्ट बनाए जा रहे हैं।

### एग्रीस्टेक पंजीयन का विवाद

इस साल समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी उन्हीं किसानों से की जाएगी, जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुका है। विगत लंबे समय से किसान इसके लिए जूझ भी रहे हैं। कभी एक किसान की दो गांव में जमीन होने पर, कभी शामिल खाताधारक किसान होने पर, कभी गांव में एक से अधिक महल नंबर होने पर, कभी गांव के नगरीय क्षेत्र में शामिल हो जाने पर, कभी जमीन ट्रस्ट के नाम पर होने या वनभूमि पट्टा वाली होने पर, कभी पंजीयन हो जाने, लेकिन अप्रूवल के लिए तहसीलदार के पोर्टल में नही दिखाने पर, कभी एक हिस्सेदार की जमीन का पंजीयन दूसरे हिस्सेदार के द्वारा अपने नाम पर करवा लेने, लेकिन पोर्टल में कैंसिल का विकल्प नहीं आने पर किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि जिले में 1 लाख 64 हजार के आसपास किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जा चुका है. इसके विपरीत प्रशासन के ही अधिकारियों द्वारा दबी जुबान से एकीस्टेक में पंजीकृत हो जाने वाले किसानों के पंजीयन में भारी गड़बड़ी होने की बात भी कही जा रही है। ऐसे में एग्रीस्टेक पंजीयन को आधार मानते हुए धान की खरीदी करना भी एक बड़ा चैलेंज नजर आ रहा है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**थानखमरिया।** नगर में जय मां माया समिति व कुंभकार समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखते ही बन रहा था। सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सिर पर पवित्र कलश धारण किए नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। कलश यात्रा अपने पूरे गरिमामय स्वरूप के साथ कथा स्थल पर पहुंची। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कथा का मंगल आरंभ किया गया। कार्यक्रम में श्याम मित्र मंडली भाटापारा द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुति दी गई, जिसने भक्तिमय वातावरण को और अधिक मधुर बना दिया। श्रद्धालुओं की अपार उपस्थिति और उत्साह ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

# मानव तीर्थ किरितपुर में आयोजित तृतीय कृतज्ञता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ ज्ञान से नि:सृत मानवीय व्यवस्था और मानवता के प्रति कृतज्ञता पर केंद्रित कार्यक्रम

मानव तीर्थ किरितपुर में तृतीय कृतज्ञता दिवस कार्तिक पूर्णिमा मनाया गया, जिसमें मुख्य विषय ज्ञान से निःसृत मानवीय व्यवस्था रहा। यह कार्यक्रम ए नागराज के समाधि संयम व नागरत्ना देवी के सेवा के फल स्वरूप पूर्ण ज्ञान सफल होने के उपलक्ष में मानव जाति के प्रति कृतज्ञ होने के अर्थ में किया जाता है।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मश्री पोपट राव पवार (आदर्श ग्राम हिवरे बाजार महाराष्ट्र) रहे ।कार्यक्रम के अध्यक्ष



के रूप मे छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त बिशेषर पटेल, विशेष अतिथि देवेंद्र शास्त्री ग्राम विकास प्रमुख छत्तीसगढ़, डॉक्टर लालाराम साहू, मीनाक्षी राठौर अभ्युदय संस्थान छत्तीसगढ़, संकेत ठाकुर व शुभ्रा ठाकुर अभ्युदय की संस्थान, राजेश दीवान , डॉक्टर अवधेश पटेल, अविनाश तिवारी,,सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शर्मा ,उदय भास्कर मौजूद रहे। इस दौरान पोपट राव पवार ने अपने उद्बोधन मे बताया की कैसे उन्होंने अपने सरपंच होने के दायित्व व कर्तव्य को गाँव के विकास के प्रति लगाया। उन्होंने कहा हिवरे बाज़ार (अहमदनगर, महाराष्ट्र) कभी सूखे, गरीबी तथा पलायन की समस्या झेलने वाला गाँव था, जिसे आत्मनिर्भर बनाया गया।

गौरतलब हो कि पद्मश्री पोपट राव पवार की मेहनत से हिवरे बाज़ार आज एक आदर्श गाँव तथा पूरे देश के लिए प्रेरणा बन चुका है। इस महत्वपूर्ण सामाजिक योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा जनवरी 2020 को "पद्मश्री" से सम्मानित किया गया। पोपटराव पवार अनेक प्रयासों और उनकी लगन के होते हुए आज उनका गांव विश्व में एक आदर्श गांव की तरह प्रस्तुत होता है जिसमें अलग-अलग गांव के लोग आते हैं ट्रेनिंग देने और प्रेरित होते हैं।

माननीय पोपट राव पवार जी को अनेकों अवार्ड प्राप्त हुए जिसमें राजकीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सभी तरह के अवार्ड सम्मिलित हैं इस सीरीज में छत्तीसगढ़ वासियों को भी उनका सानिध्य प्राप्त हुआ, जिसे छत्तीसगढ़ वासियों को प्रेरणा मिली, पवार जी की दूरदर्शिता गांव की तरफ उनके कार्यक्रमों और कैसे गांव को और स्वच्छ स्वावलंबी और आदर्श बन सकते हैं।




